Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 43

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

26 अक्तूबर 2017 ई. 5 सफर 1438 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

मेरे लिए कुफ्र के फ़त्वे मंगाए गए और मुझे काफ़िर कह कर संसार में एक शोर डाला गया। कत्ल करने के फ़त्वे दिए गए, शासकों को उकसाया गया, जन साधारण को मुझ से और मेरी जमाअत से विमुख किया गया। अत: प्रत्येक प्रकार से मुझे मिटाने के लिए प्रयास किए गए परन्तु ख़ुदा तआला की भविष्यवाणी के अनुसार ये समस्त मौलवी और उनके सहपंथी अपनी कोशिशों में असफल रहे।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

77. सतत्तरवां निशान - मेरा लड़का बशीर अहमद आंखों के रोग से ऐसा रोग ग्रस्त हुआ कि कोई औषधि लाभप्रद नहीं हो सकती थी तथा दृष्टि जाते रहने का भय था। जब रोग भयंकर अवस्था को पहुंच गया तब मैंने दुआ की तो इल्हाम हुआ بَرَق طفلی بشیر अर्थात् मेरा पुत्र बशीर देखने लगा। अत: उसी दिन या दूसरे दिन वह स्वस्थ हो गया। यह घटना भी लगभग सौ लोगों को मालूम होगी।

78. अठत्तरवां निशान - जब मैंने छोटी मस्जिद का निर्माण किया जो हमारे घर के साथ एक कोने पर है। तब मुझे विचार आया कि इसकी कोई तिथि चाहिए तब ख़ुदा तआला की ओर से इल्का हुआ -

مبارک ومبارک و کل امرٍ مبارک یجعل فیہ

यह एक भविष्यवाणी थी और इसी से मस्जिद की नींव की तिथि का तत्त्व निकलता है।

79. उनासीवां निशान - बराहीन अहमदिया में इस जमाअत की उन्नति के बारे में यह भविष्यवाणी है -

کزرع اٰخرج شطأہٗ فاٰزرہ فاستغلظ فاستوىٰ علٰی سُوْقِہٖ۔

अर्थात् पहले एक बीज होगा जो अपनी हरियाली निकालेगे फिर मोटा होगा फिर अपने तने पर खड़ा होगा यह एक बड़ी भविष्यवाणी थी जो इस जमाअत के पैदा होने से पहले ही उसके विकास के बारे में आज से पच्चीस वर्ष पूर्व की गई थी। ऐसे समय में कि न उस समय जमाअत थी और न किसी का मुझे बैअत का संबंध था अपितु उनमें से कोई मेरे नाम से भी परिचित न था। इस के बाद ख़ुदा तआला की कृपा ने यह जमाअत पैदा कर दी, जो अब तीन लाख से भी कुछ अधिक है। मैं एक छोटे से बीज की भांति था जो ख़ुदा तआला के हाथ से बोया गया। फिर मैं एक समय तक गुप्त रहा, फिर मेरा प्रकटन हुआ और बहुत सी शाखाओं ने मेरे साथ संबंध स्थापित किया। अत: यह भविष्यवाणी केवल ख़ुदा तआला के हाथ से पूरी हुई।

80. अस्सीवां निशान - बराहीन अहमदिया में यह भविष्यवाणी है

یُرِیدون ان یطفئوْا نور اللہ بافواھھم واللہ متمّ نورہٖ ولو کرہ الکافرون۔

अर्थात् विरोधी जन चाहेंगे कि ख़ुदा के प्रकाश को अपने मुख की फूंकों से बुझा दें, किन्तु ख़ुदा अपने प्रकाश को पूर्ण करेगा यद्यपि इन्कारी लोग पसन्द ही न करें। यह उस समय की भविष्यवाणी है जब कि कोई विरोधी न था अपितु कोई मेरे नाम से भी परिचित न था। तत्पश्चात् भविष्यवाणी के अनुसार संसार में सम्मान के साथ मेरी प्रसिद्धि हुई तथा हज़ारों लोगों ने मुझे स्वीकार किया तब इतना अधिक विरोध हुआ कि मक्का से मक्का वालों के पास वास्तविकता के विरुद्ध बातें वर्णन करके मेरे लिए कुफ्र के फ़त्वे मंगाए गए और मुझे काफ़िर कह कर संसार में एक शोर डाला गया। कत्ल करने के फ़त्वे दिए गए, शासकों को उकसाया गया, जन साधारण को मुझ से और मेरी जमाअत से विमुख किया गया। अत: प्रत्येक प्रकार से मुझे मिटाने के लिए प्रयास किए गए परन्तु ख़ुदा तआला की भविष्यवाणी के अनुसार ये समस्त मौलवी और उनके सहपंथी अपनी कोशिशों में असफल रहे। खेद विरोधी कितने अधिक अंधे हैं इन भविष्यवाणियों की श्रेष्ठता को नहीं समझते कि किस युग की हैं और किस प्रतिष्ठा और शक्ति के साथ पूरी हुईं। क्या ख़ुदा तआला के अतिरिक्त किसी अन्य का कार्य है ? यदि है तो इसका उदाहरण प्रस्तुत करो। विचार नहीं करते कि यदि यह मानव का कारोबार होता और ख़ुदा की इच्छा के विपरीत होता तो वे अपने प्रयासों में असफल न रहते। उनको किसने असफल रखा ? उसी ख़ुदा ने जो मेरे साथ है।

81. इक्यासीवां निशान - बराहीन अहमदिया में एक यह भी भविष्यवाणी है یعصمک اللہ من عندہ ولو لم یعصمک النّاس۔ अर्थात् ख़ुदा तुझे समस्त विपत्तियों से बचाएगा यद्यपि लोग नहीं चाहेंगे कि तू विपत्तियों से बच जाए। यह उस युग की भविष्यवाणी है जबकि मैं एक अज्ञान कोने में छुपा पड़ा था तथा मुझे से न कोई बैअत का संबंध रखता था न शत्रुता। इस के बाद जब मैंने मसीह मौऊद होने का दावा किया तो समस्त मौलवी और उनके सहपंथी अग्नि के समान हो गए। उन ही दिनों में एक पादरी डाक्टर मार्टिन क्लार्क ने मुझ पर एक खून का मुक़द्दमा किया। उस मुक़द्दमे में मुझे यह अनुभव हुआ कि पंजाब के मौलवी मेरे रक्त के प्यासे हैं और मुझे एक ईसाई से भी जो आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का शत्रु है और गालियां निकालता है निकृष्ट समझते हैं क्योंकि कुछ मौलवियों ने इस मुक़द्दमे में मेरे विरुद्ध अदालत में उपस्थित होकर उस पादरी के साक्षी बनकर साक्ष्यें दीं और कुछ इस दुआ में लगे रहे कि पादरी लोग विजयी हों। मैंने विश्वस्त सूत्रों से सुना है कि वे मस्जिदों में रो-रोकर दुआएं करते थे कि हे ख़ुदा ! इस पादरी की सहायता कर, उसे विजयी कर। परन्तु सर्वज्ञा ख़ुदा ने उनकी एक न सुनी। न साक्ष्य देने वाले अपनी साक्ष्य में सफल हुए और न दुआ करने वालों की दुआएं स्वीकार हुईं। ये उलेमा हैं धर्म के समर्थक, और यह जाति है जिसके लिए लोग जाति-जाति पुकारते हैं। इन लोगों ने मुझे फांसी दिलाने के लिए अपनी समस्त युक्तियों द्वारा ज़ोर लगाया तथा एक ख़ुदा और उसके रसूल के शत्रु की सहायता की। यहां स्वाभाविक तौर पर हृदयों में एक विचार आता है कि जब ये क़ौम के समस्त मौलवी तथा उनके अनुयायी मेरे प्राणों के शत्रु हो गए थे फिर किस ने मुझे उस भड़कती अग्नि से बचाया हालांकि मुझे अपराधी बनाने के लिए आठ-नौ साक्षी गुज़र चुके थे। इसका उत्तर यह है कि उसी ने बचाया जिसने पच्चीस वर्ष पूर्व यह वादा दिया था कि तेरी क़ौम तो तुझे नहीं बचाएगी तथा प्रयास करेगी कि तू मारा जाए परन्तु मैं तुझे बचाऊंगा, जैसा कि उसने पहले से कहा था कि जो बराहीन अहमदिया में आज से पच्ची वर्ष पूर्व लिखा जा चुका है और वह यह है -

فَبَرَّأَہُ اللہ ممّا قالوا وکان عند اللہ وجیھا

अर्थात् ख़ुदा ने उसे उस आरोप से बरी किया जो उस पर लगाया गया था और वह ख़ुदा के निकट प्रतापवान है।

(हक़ीक़तुल वह्यी, पृष्ठ 115 -118, रूहानी ख़ज़ायन, जिल्द 22, पृष्ठ 240-243)

☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

पहले मसीह की वफात हो गई है हज़रत मसीह ही इमाम महदी हैं

मुहम्मद हमीद कौसर, कादियान

(भाग-3)

इसके अलावा, निम्नलिखित आरंम्भिक हदीस की किताबों में यह हदीस पूर्ण सनद के साथ वर्णित हुई है

1. मुस्तदरिक हाकिम (वफात 405 हिजरी) में लिखा है :

لَا تَقُوْمُ السَّاعَةُ اِلَّا عَلٰى شِرَارِ النَّاسِ وَلَا اَلْمَهْدِيُّ اِلَّا عِيْسٰى بْنُ مَرْيَمَ

(मुस्तदरिक हाकिम जिल्द 4 पृष्ठ 441 किताबुल फितन वल-मलाहिम)

अर्थात क़यामत दुष्ट लोगों पर स्थापित होगी और (दूसरे) इब्ने मर्यम के अतिरिक्त कोई मेहदी नहीं।

2. हुलियतुल औलिया ले हाफिज़ अबू नईम अल्असबानी (वफात 430 हिजरी) में لَا الْمَهْدِيُّ اِلَّا عِيْسٰى بْنُ مَرْيَمَ عليهما السلام के शब्दों का प्रयोग हुआ है।

(हुलियतुल औलिया भाग 5 अंश 9 पृष्ठ 161। लेबनान 1980 ई)

3. कंजुल उम्माल में यह हदीस वर्णन हुई है

لَاتَقُوْمُ السَّاعَةُ اِلَّا عَلٰى شِرَارِ النَّاسِ وَلَا الْمَهْدِيُّ اِلَّا عِيْسٰى بْنُ مَرْيَمَ

(कनज़ुल उम्माल जिल्द 14 पृष्ठ 263, हदीस संख्या: 38656)

4. तारीख बगदाद भाग 4 लेखक हाफिज़ अबू बक्र अहमद बिन अली अलख़तीब बग़दादी वफात 463 हिजरी पृष्ठ 220 पर भी इन्हीं शब्दों के साथ यह हदीस वर्णन हुई है। इन सभी हदीसों में इस हदीस के अंतिम राबी महीन सहाबी हज़रत अनस बिन मालिक हैं।

इसके अलावा "लल् महदी इल्ला ईसा" की हदीस इतनी प्रसिद्ध और मशहूर थी कि उम्मते मुहम्मदिया के कई बुज़ुर्गों और उलेमा अपनी किताबों में इस हदीस को दर्ज करते आए हैं उनमें से कुछ के सन्दर्भ निम्नलिखित हैं :

1. इमाम जलालुद्दीन सियूती लिखते हैं:

قَالَ الْحَسَنُ اِنْ كَانَ مَهْدِيٌّ فَعُمَرُ بْنُ عَبْدِ الْعَزِيْزِ وَاِلَّا فَلَا الْمَهْدِيُّ اِلَّا عِيْسٰى بْنُ مَرْيَمَ

(तारीख़ अलख़ुल्फ़ा इमाम जलालुद्दीन सियूती पृष्ठ 163)

कि हज़रत इमाम हसन बसरी कहते हैं कि इस ज़माना में यदि कोई भी महदी है, तो वह उमर बिन अब्दुल अज़ीज़ है। और यदि नहीं, तो फिर सिवाय ईसा इब्ने मर्यम के कोई दूसरा महदी नहीं है।

2. अल्लामा इब्ने ख़ुलदून अपनी किताब मुकदमा इब्ने ख़ुलदून में लिखते हैं :

عَنِ الْحَسَنِ الْبَصَرِى عَنْ اَنَسِ بْنِ مَالِكٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللّٰهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اَنَّه قَالَ لَا الْمَهْدِيُّ اِلَّا عِيْسٰى ابْنُ مَرْيَمَ

(मुकदमा इब्ने ख़ुलदून भाग 322 लेखक अल्लामा अब्दुर्रहमान बिन मुहम्मद बिन खुलदून बैरूत लेबनान)

हज़रत इमाम हसन बसरी हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहो अन्हो से रिवायत करते हैं कि आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाय कि ईसा इब्ने मरियम के सिवा कोई मेहदी नहीं।

3 मिर्ज़ा हुसैन तबरसी अपनी किताब "नजमुस्साकिब" में लिखते हैं।

"در شرح دیوان از بعضے نقل کرد کہ روح عیسیٰ علیہ السلام در مہدی علیہ السلام بروز کند ونزول عیسیٰ عبارت از این بروز است و مطابق اینست حدیث لا مہدی الا عیسیٰ بن مریم "۔

(नजमुस्साकिब से मिर्ज़ा हुसैन तबरसी नूरी पृष्ठ 102 चतुर्थ अध्याय इनतशारात इल्मिया इस्लामिया)

शरह दीवान में कुछ का यह कथन लिखा है कि ईसा की रूह हज़रत इमाम महदी में बरूज़ करेगी और ईसा के नुज़ूल (उतरने) से अभिप्राय बुरूज़ ही है और उसी के अनुसार यह हदीस है कि ईसा बिन मरियम को छोड़कर कोई महदी नहीं है।

4. हज़रत ख्वाजा ग़ुलाम फरीद फरमाते हैं:

"किसी का यह कथन सही है कि इमाम महदी यही ईसा अलैहिस्सलाम होंगे क्योंकि इसकी पुष्टि इस हदीस से होती है कि لَا الْمَهْدِيُّ اِلَّا عِيْسٰى ابْنُ مَرْيَمَ (ईसा बिन मरियम के सिवा कोई महदी नहीं)।

(मकाबीसुल मजालिस मल्फूज़ात हज़रत ख्वाजा ग़ुलाम फरीद। पृष्ठ 415 मकबूस नंबर 61-प्रस्तुति और सेटिंग मौलाना रुकनुद्दीन अनुवाद कप्तान वाहिद बख्श सयाल साहिब प्रैस बख्तियार प्रिंटर गंज बख्श रोड लाहौर 1979ई)

5. हज़रत अल्लामा मोहिउद्दीन इब्ने अरबी वफात 638 हिजरी ने भी अपनी तफसीरुल कुरआन करीम में لَا الْمَهْدِيُّ اِلَّا عِيْسٰى ابْنُ مَرْيَمَ की हदीस लिखी है।

(तफसीरुल कुरआन अलकरीम अल्लामा मोहिउद्दीन इब्ने अरबी जिल्द 2 पृष्ठ 451 बैरूत 2 संस्करण 1978 ई)

फिर कुछ और सहीह हदीसों भी स्पष्टता से हज़रत ईसा बिन मरियम को इमाम महदी करार दिया गया है अत: हदीस की मशहूर किताब अहमद बिन हंबल में यह हदीस बयान हुई है :

1. يُوْشِكُ مَنْ عَاشَ مِنْكُمْ اَنْ يَلْقٰى عِيْسٰى بْنَ مَرْيَمَ اِمَامًا مَهْدِيًّا وَحَكَمًا عَدَلً

(मुस्नद अहमद बिन हंबल (वफात 241 हिजरी) जिल्द 2 पृष्ठ 411 हदीस नंबर 9068 सनद अबी हुरैरा)

अर्थात हज़रत अबु हुरैरह रिवायत करते हैं कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो ने फरमाया कि करीब है जो तुम में से जीवित रहे वह (दूसरे) ईसा पुत्र मरयम को मिले जो इमाम महदी और इंसाफ करने शासक होंगे।

2." अलमुसन्निफ" जिस की गिनती प्रारंभिक प्रसिद्ध हदीस की पुस्तकों में होती है यह रिवायत है।

يَنْزِلُ عِيْسٰى بْنُ مَرْيَمَ اِمَاماً هَادِياً وَ مُقْسِطًا عَدلا

(अलमुसन्निफ लेखक अब्दुल रज़्ज़ाक वफात 211 हिजरी जिल्द 11 पृष्ठ 400 बैरूत लेबनान प्रकाशन 1972 ई)

अर्थात ईसा अलैहिस्सालम इमाम हादी और न्यायाधीश और इंसाफ करने वाले की स्थिति से नाज़िल होंगे।

3. इसी तरह इब्ने अबी शियबह की प्रसिद्ध किताब "अलमुसन्निफ" में यह हदीस है اَلْمَهْدِيُّ عِيْسٰى ابْنُ مَرْيَمَ

(अलमुसन्निफ ले इबन अबी शीयबह वफात 235 हिजरी भाग 5 पृष्ठ 198 किताबु फतन हदीस नंबर 19492) कि मेहदी ईसा बिन मरियम ही हैं।

4. अल-मुअजमुल औसत तिबरानी में है:

يَنْزِلُ عِيْسٰى ابْنُ مَرْيَمَ مُصَدِّقًا لِمُحَمَّدٍ صَلَّى اللّٰهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمْ وَعَلٰى مِلَّتِهِ اِمَامًا مَهْدِيًّا وَحَكَمًا عَدَلًا

(अल-मुअजमुल औसत तिबरानी वफात 360 हिजरी जिल्द 5 पृष्ठ 293 प्रथम संस्करण रियाज़ 1415 हिजरी 1995 ई)

यानी (दूसरे) ईसा इब्ने मरियम नाज़िल होंगे मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मिसदाक (प्रारूप) बनकर और आप ही की शरीयत पर अमल करने वाले बनकर जो इमाम महदी और हकम तथा अदल होंगे।

फिर एक और बात इस तथ्य तो प्रमाणित कर रही है कि (दूसरे) मसीह ही महदी होंगे वह इस तरह कि हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम जब आएंगे तो बतौर अल्लाह के नबी होंगे। जैसा कि मुस्लिम के हदीस में वर्णित है, चार बार,नबी अल्लाह कहा गया है। देओबंद के महान विद्वान और पूर्व मुफ्ती पाकिस्तान मुफ्ती मुहम्मद शफी साहिब का अपनी यह आस्था है कि जो आदमी यह कहता है कि हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम आएंगे तो नबी नहीं होंगे वह काफिर है। अत: वह लिखते हैं कि

"सार यह है कि हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम उस समय भी नबुव्वत तथा रिसालत के गुण और विशेषताओं से अलग नहीं होंगे और जिस तरह उनकी नबुव्वत से इनकार पहले कुफ्र था उस समय भी कुफ्र होगा।

(मआरिफ़ुल कुरआन जिल्द 2 पृष्ठ 81)

अब जब यह साबित हो गया कि हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम नबी अल्लाह होंगे तो कुरआन की रोशनी में हर नबी महदी होता है। महदी का मतलब ही "हिदायत प्राप्त" होता है हर नबी पहले हिदायत पाने वाला होता है अर्थात पहले महदी बनता है फिर वह हादी यानी दूसरों को हिदायत देने वाला बनता है। इसलिए कुरआन शरीफ में अल्लाह तआला कुछ नबियों जैसे हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम हज़रत लूत अलैहिस्सलाम, हज़रत इस्हाक अलैहिस्सलाम और हज़रत याकूब अलैहिस्सलाम का उल्लेख करके कहता है:।

وَ جَعَلْنٰهُمْ اَئِمَّةً يَّهْدُوْنَ بِاَمْرِنَا وَ اَوْحَيْنَآ اِلَيْهِمْ فِعْلَ الْخَيْرٰتِ وَ اِقَامَ الصَّلٰوةِ وَ اِيْتَآءَ الزَّكٰوةِ ۚ وَ كَانُوْا لَنَا عٰبِدِيْنَ

शेष पृष्ठ 7 पर

ख़ुत्बः जुमअः

दुनिया में मज्लिसों की कई किस्में हैं या विभिन्न मज्लिसों के विभिन्न प्रयोजन होते हैं। कुछ मज्लिसें सुझावों के लिए होती हैं जिन में सांसारिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परामर्श होते हैं। यदि लोगों की सुधार के लिए भी कोई मज्लिस लगती है, कोई बातें सोची जाती हैं तो वह भी संसारिक उद्देश्यों के लिए हैं। ख़ुदा तआला की ख़ुशी इसमें भी लक्ष्य नहीं होता लेकिन कुछ ऐसी मज्लिसें भी होती हैं जो धार्मिक उद्देश्यों के लिए हों, जो अल्लाह तआला के ज़िक्र को बढ़ाने के लिए हों, इंसान को अल्लाह तआला के निकट लाने के लिए सोचने से संबंधित हों या रूहानियत में तरक्की के माध्यम खोजने के लिए हों या इन मज्लिसों में शामिल होने वाले अल्लाह तआला की ख़ुशी प्राप्त करने के लिए इस में शामिल हों अतः इन मज्लिसों का उद्देश्य केवल यह होता है कि हमारा जो काम भी हो, हम जो भी परिकल्पना करें इन का उद्देश्य अल्लाह तआला की प्रसन्नता प्राप्त करना हो। इन में व्यर्थ बातों से बचना हो। ऐसी मज्लिसें ख़ुदा तआला को पसंद है और इस प्रकार की मज्लिसों के परिणाम दुनिया में भी दिखाई देते हैं, और इस प्रकार की मज्लिसों में शामिल होने वालों को अल्लाह तआला मरने के बाद भी सम्मानित करता है ।

कुरआन करीम में भी अल्लाह तआला ने मोमिनों जो मज्लिसों के बारे में हिदायत फरमाई है वह यही है कि मोमिनों की मज्लसि उपद्रव से मुक्त, गुनाहों से पवित्र, रसूल की अवज्ञा से बचने वाली और तक्वा पर चलने वाली नी चाहिए लेकिन अफसोस कि आजकल मुसलमानों की अधिकतर मज्लिस इसके ख़िलाफ हैं।

मुसलमान कहला कर फिर दुनिया को अपना गंतव्य बनाने वालों और उसके पीछे दौड़ने वालों की जो हालत है यह इस बात की व्यावहारिक अभिव्यक्ति है कि ख़ुदा तआला की हस्ती पर ईमान और विश्वास ख़त्म हो गया है अन्यथा अगर थोड़ी सा भी अल्लाह तआला की हस्ती पर ईमान और विश्वास होता तो न आज मुस्लिम राजनेताओं और लीडरों की यह स्थिति होती, न ही तथा कथित उलमा की यह हालत होती जो आज हमें नज़र आ रही है।

दुनिया के परामर्शों की मज्लिस में एक यू.एन.ओ की भी है। अभी पिछले दिनों ही इस का एक इज्लास हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति का भाषण था इस पर यहाँ के जो पश्चिमी निबंधकार हैं विश्लेषक हैं उन्होंने भी लिखा है कि इस भाषण से शांति के स्थान पर फसाद और उपद्रव पैदा होने की अधिक संभावना है

हमें अपनी परिस्थितियों का ध्यान रखना चाहिए, याद रखें कि शैतान कभी भी सहन नहीं होगा कि वह जमाअत को तरक्की करता हुआ देखे। शैतान ने अपनी प्रकृति के अनुसार चिंता पैदा करने और हमारे भीतर फूट डालने की कोशिश करते रहना है। अतः वे लोग जो कई बार एक साथ बैठते हैं और अपने स्थानीय क्षेत्र या शहर के निज़ाम जमाअत या देश के निज़ाम के बारे में बात करते हैं, वे लोग वास्तव में कई बार शैतान के बहकावे कई बार नहीं बल्कि वास्तव में शैतान के बहकावे में आ जाते हैं। शैतान का काम क्योंकि सहानुभूति करने वाला बन कर वार करना है, इसलिए ऐसी मज्लिसों में, ऐसे लोग भी शामिल हो जाते हैं जो वास्तव में जमाअत की प्रणाली के विरोध में नहीं होते बल्कि जमाअत की भावनाओं को समझने के कारण, वे मानते हैं कि यह फित्ना पैदा करने वाला सहीह कह रहा है वह उसे फित्ना पैदा करने वाले वाला तो नहीं समझते लेकिन अपना विचार रखने वाला और सहानुभूति के रंग में बात करने वाला सही कह रहा है और सुधार की ज़रूरत है, हालांकि अगर सुधार की ज़रूरत है तो देश की प्रणाली तक और समय के ख़लीफा तक बात पहुंचाई जानी चाहिए और उसके बाद, इधर उधर मज्लिसें लगा कर बातें करना और इस प्रकार बातें करना और ऐसे अंदाज़ में बातें करना जैसे बड़े राज़ की बातें की जा रही हैं, बड़ी महत्त्वपूर्ण बातें की जा रही है ये बिल्कुल ग़लत तरीका है और गुनाह और अवज्ञा और नाफरमानी और तक्वा से दूरी की निशानियां हैं। अतः ऐसी मज्लिसों से अल्लाह तआला ने मोमिनों को भी होशियार किया है तुम इन से बचो।अल्लाह तआला जमाअत को हर आंतरिक और बाहरी फित्नों से बचाए। हमेशा और सदैव नेकी और तक्वा की मजलिस में बैठने और इसका हिस्सा बनने की तौफ़ीक़ दे न कि गुनाह और रसूल की अवज्ञा और तक्वा से दूर करने वाली मज्लिसों की।

मज्लिस के विभन्नि किस्मों और अवस्थाओे के बारे में आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के सच्चे ग़ुलाम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के प्रमुख उपदेश और इस बारे में जमाअत के लोगों को नसीहत।

माता-पिता को भी अपने बच्चों की मज्लिसों और सुहबतों पर नज़र रखनी चाहिए ताकि हमारे युवा नौजवानी में कदम रखने वाले बच्चे भी बुरी सुहबतों और मज्लिसों से सुरक्षित रहें और ख़ुद भी घरों में ऐसी पवित्र मज्लिसें लगानी चाहिए जो हमेशा प्रशिक्षण के दृष्टिकोण से उत्तम हों।

आज यहाँ जैसे लजना इमाउल्लाह का इज्तिमा शुरू हो रहा है। लजना को भी याद रखना चाहिए कि उनके कार्यक्रमों का अधिक हिस्सा धार्मिक और ज्ञान वर्धक होना चाहिए और शामिल होने वाली महिलाएं भी याद रखें कि वह किसी मेले में शामिल होने के लिए नहीं आईं।

स्थायी धार्मिक और ज्ञान वर्धक मज्लिसें लागएं और नियमित कार्यक्रम नहीं हो रहा तब भी अपनी मज्लिसों में बजाय इधर उधर की बातें करने और व्यर्थ बातचीत करने के रचनात्मक चर्चा और व्यर्थ बातों से हमेशा बचें और अपना समय नष्ट होने से बचाएें।

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया, "तुम्हारा धर्म से दूर लोगों के साथ उठना बैठना, खाना पीना तुम्हें धर्म से दूर कर देगा ।" हाँ तब्लीग़ के लिए अच्छी बातों को पहुंचाने के लिए संबंध ज़रूर स्थापित करना चाहिए इसके बिना तब्लीग़ नहीं हो सकती लेकिन इसके लिए उन्हें अपनी मज्लिसों में लाना चाहिए क्योंकि यह अच्छाई की मज्लिसें हैं फिर अपना प्रभाव छोड़ती हैं और हमारे मज्लिसों में फंगशनज़ में शामिल होने वाले कई लोग हैं जो इस बात को प्रकट करते हैं कि यहां आकर हमारी स्थिति और गुणवत्ता में बदलाव आ जाता है।

आदरणीय बिलाल अब्दुस्सलाम साहिब फिलोडलफिया(अमरीका) की वफात मरहूम का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 22 सितम्बर 2017 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ إِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ۔

दुनिया में मज्लिसों की कई किस्में हैं या विभिन्न मज्लिसों के विभिन्न प्रयोजन

होते हैं। कुछ मज्लिसें सुझावों के लिए होती हैं जिन में सांसारिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परामर्श होते हैं। चाहे वह सरकार चलाने के लिए परामर्श हों या राजनेताओं की मज्लिसों के परामर्श हों या व्यवसाय करने वालों की मज्लिसें हों या फिर खेल कूद और मनोरंजन की बातें हों इसके लिए मनोरंजक मज्लिसें होती हैं उनके लिए कमेटियां बनती हैं। मनोरंजन के कार्यक्रमों को बनाने के लिए भी लोग मिल कर बैठते हैं, सोचते हैं या फिर तथाकथित ज्ञान के लिए कुछ मज्लिसें होती हैं अत: ये सब प्रकार की समितियां और कमेटियां और साथ मिलकर बैठना सांसारिक कार्यों के लिए होता है, और ख़ुदा तआला के लिए या ख़ुदा तआला की प्रशंसा के लिए या ख़ुदा तआला की निकटता प्राप्त करने के लिए मज्लिसें नही होतीं। यदि लोगों की सुधार के लिए भी कोई मज्लिस लगती है, कई बातें सोची जाती हैं तो वह भी संसारिक उद्देश्यों के लिए हैं। ख़ुदा तआला की ख़ुशी इसमें भी लक्ष्य नहीं होता लेकिन कुछ ऐसी मज्लिसें भी होती हैं जो धार्मिक उद्देश्यों के लिए हों, जो अल्लाह तआला के ज़िक्र को बढ़ाने के लिए हों, इंसान को अल्लाह तआला के निकट लाने के लिए सोचने से संबंधित हों या रूहानियत में तरक्की के माध्यम खोजने के लिए हों या इन मज्लिसों में शामिल होने वाले अल्लाह तआला की ख़ुशी प्राप्त करने के लिए इस में शामिल हों अत: इन मज्लिसों का उद्देश्य केवल यह होता है कि हमारा जो काम भी हो, हम जो भी परिकल्पना करें इन का उद्देश्य अल्लाह तआला की प्रसन्नता प्राप्त करना हो। इन में व्यर्थ बातों से बचना हो। ऐसी मज्लिसें ख़ुदा तआला को पसंद है और इस प्रकार की मज्लिसों के परिणाम दुनिया में भी दिखाई देते हैं, और इस प्रकार की मज्लिसों में शामिल होने वालों को अल्लाह तआला मरने के बाद भी सम्मानित करता है ।

अत: एक मोमिन का काम है चाहे उसके घर की मज्लिस है, बीवी बच्चों के साथ या घर से बाहर की मज्लिस हैं, उन में यह कोशिश रहे कि हम ने अल्लाह तआला की ख़ुशी कैसे प्राप्त करनी है और अपनी रूहानियत को कैसे संभालना और बेहतर करना है और मोमिनों की अवस्था में सुधार कैसे करना है। एक मोमिन की ज़ाहिर की सांसारिक मज्लिस अल्लाह तआला के ज़िक्र से खाली नहीं होती है। सांसारिक कामों को करते हुए भी, वह व्यर्थ बातों से परहेज़ करने वाला होता है अगर दिल सांसारिक कार्यों में व्यस्त है, तो अल्लाह तआला की याद और ज़िक्र को नहीं भूलता। सांसारिक कार्यों की मज्लिसों में भी धोखा और दूसरों के अधिकारों को छीन लेने की बातें नहीं होतीं। मोमिन की मज्लिस में चाहे वह सांसारिक काम कर रहा है जैसा कि आजकल के राजनीतिक और दुनियादारों की मज्लिसों में बातें होती हैं बल्कि अल्लाह तआला का भय और तक्वा को हर बार समक्ष रखा जाता है, और यही एक मोमिन से आशा रखी जाती है कि इन बातों को हर समय ध्यान रखे। कुरआन करीम में भी अल्लाह तआला ने मोमिनों जो मज्लिसों के बारे में हिदायत फरमाई है वह यही है कि मोमिनों की मज्लसि उपद्रव से मुक्त, गुनाहों से पवित्र, रसूल की अवज्ञा से बचने वाली और तक्वा पर चलने वाली होनी चाहिए लेकिन अफसोस कि आजकल मुसलमानों की अधिकतर मज्लिस इसके ख़िलाफ हैं और मुसलमान मुसलमानों को नष्ट करने की योजना करते हैं। अल्लाह तआला तो फरमाता है

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِذَا تَنَاجَيْتُمْ فَلَا تَتَنَاجَوْا بِالْاِثْمِ وَالْعُدْوَانِ وَمَعْصِيَتِ الرَّسُوْلِ وَتَنَاجَوْا بِالْبِرِّ وَالتَّقْوٰى وَاتَّقُوا اللّٰهَ الَّذِيْٓ اِلَيْهِ تُحْشَرُوْنَ (अल्मुजादिल: 10)

कि ऐ वह लोगो जो ईमान लाए हो जब तुम परस्पर गुप्त परामर्श करो तो गुनाह सरकशी और रसूल की अवज्ञा पर आधारित सलाह न करो। हाँ अच्छाई और तक्वा के बारे में सलाह करो और अल्लाह से डरो जिसके सामने तुम इकट्ठे किए जाओगे।

लेकिन जैसा कि मैंने कहा, मुसलमान ख़ुदा तआला के इस आदेश को भूल गए, आपस की फूट की चरम हो गई। अल्लाह तआला ने मोमिनों की यह निशानी वर्णन की है कि رُحَمَآءُ بَيْنَهُمْ (अल्फत्ह 30) कि आपस में दया और प्यार करने वाले हैं, लेकिन यहां तो हमें वह अवस्था नज़र आ रही है कि जो काफिरों वाला नज़ारा अल्लाह तआला ने खींचा है जिनके बारे फरमाया قُلُوْبُهُمْ شَتّٰى (अल्हश्र 15)कि उन के दिल फटे हुए हैं। एक-दूसरे के साथ और ग़ैर-लोगों के साथ परामर्श होते हैं यहां तक कि गुप्त अनुबंधों के रूप में भी, तो अल्लाह और उसके रसूल की अवज्ञा करते हुए और तक्वा से दूर। अल्लाह का डर बिल्कुल नहीं रहा। अल्लाह तआला फरमाता है कि अल्लाह से डरो जिसके सामने तुम इकट्ठे किए जाओगे वहाँ सरकारें और राज्य और दौलतें और पश्चिमी शक्तियों के आशीर्वाद काम नहीं आएगा। कोई बड़ी ताकत वहां अल्लाह तआला और उसके रसूल के आदेशों की अवज्ञा और तक्वा से दूर हटने की सज़ा से नहीं बचा सकेगी।

वास्तव में तो मुसलमान कहला कर फिर दुनिया को अपना गंतव्य बनाने वालों और उसके पीछे दौड़ने वालों की जो हालत है यह इस बात की व्यावहारिक अभिव्यक्ति है कि ख़ुदा तआला की हस्ती पर ईमान और विश्वास ख़त्म हो गया है अन्यथा अगर थोड़ी सा भी अल्लाह तआला की हस्ती पर ईमान और विश्वास होता तो न आज मुस्लिम राजनेताओं और लीडरों की यह स्थिति होती, न ही तथा कथित उलमा की यह हालत होती जो आज हमें नज़र आती है। बहरहाल इस युग में यह हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम ऐसे सारे विचारों से जहां अपने आप को शुद्ध करें और अल्लाह तआला के भय और तक्वा को अपने अंदर बढ़ाएं वहाँ जिनकी इन ग़ैर अहमदी मुसलमानों लोगों तक पहुँच है और संबंध हैं वे जहां तक अपने क्षेत्र में अपनी सीमा में मुसलमानों को समझा सकते हैं, समझाएं कि तुम्हारी यह स्थिति तुम्हें न केवल दूसरों की पूरी ग़ुलामी में ले आएगी, बल्कि ख़ुदा तआला की सज़ा पाने वाले भी बनोगे। जिस दुनिया के पीछे तुम पड़े हुए हो वह भी तुम्हारे हाथों से जाएगी और धर्म को तुम पहले ही छोड़ बैठे हो। अत: अब यह समय है कि अल्लाह तआला का भय और तक्वा दिल में पैदा करो, अन्यथा सब कुछ हाथों से जाता रहेगा।

दुनिया के परामर्शों की मज्लिस में एक यू.एन.ओ की भी है। अभी पिछले दिनों ही इस का एक इज्लास हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति का भाषण था इस पर यहाँ के जो पश्चिमी निबंधकार हैं विश्लेषक हैं उन्होंने भी लिखा है कि इस भाषण से शांति के स्थान पर फसाद और उपद्रव पैदा होने की अधिक संभावना है, लेकिन यह भी उन्होंने खुल के लिख दिया कि शायद इस भाषण से सऊदी अरब और कुछ मुस्लिम देश प्रसन्न होंगे, अन्यथा यह बेहद निराशाजनक है और आग और जंग भड़काने वाली तकरीर है।

इसलिए मुस्लिम सरकारों को अल्लाह तआला के आदेशों को देखना चाहिए और सभी प्रकार की शरारत से बचना चाहिए। हालांकि, आम मुस्लिम दुनिया में क्या हो रहा है मैंने इस बारे में बात की है लेकिन हमें अपनी परिस्थितियों का ध्यान रखना चाहिए, याद रखें कि शैतान कभी भी सहन नहीं होगा कि वह जमाअत को तरक्की करता हुआ देखे। शैतान ने अपनी प्रकृति के अनुसार चिंता पैदा करने और हमारे भीतर फूट डालने की कोशिश करते रहना है। अत: वे लोग जो कई बार एक साथ बैठते हैं और अपने स्थानीय क्षेत्र या शहर के निज़ाम जमाअत या देश के निज़ाम के बारे में बात करते हैं, वे लोग वास्तव में कई बार शैतान के बहकावे कई बार नहीं बल्कि वास्तव में शैतान के बहकावे में आ जाते हैं। शैतान का काम क्योंकि सहानुभूति करने वाला बन कर वार करना है, इसलिए ऐसी मज्लिसों में, ऐसे लोग भी शामिल हो जाते हैं जो वास्तव में जमाअत की प्रणाली के विरोध में नहीं होते बल्कि जमाअत की भावनाओं को समझने के कारण, वे मानते हैं कि यह फित्ना पैदा करने वाला सहीह कह रहा है वह उसे फित्ना पैदा करने वाले वाला तो नहीं समझते लेकिन अपना विचार रखने वाला और सहानुभूति के रंग में बात करने वाला सही कह रहा है और सुधार की ज़रूरत है, हालांकि अगर सुधार की ज़रूरत है तो देश की प्रणाली तक और समय के ख़लीफा तक बात पहुंचाई जानी चाहिए और उसके बाद, इधर उधर मज्लिसें लगा कर बातें करना और इस प्रकार बातें करना और ऐसे अंदाज़ में बातें करना जैसे बड़े राज़ की बातें की जा रही हैं, बड़ी महत्त्वपूर्ण बातें की जा रही है ये बिल्कुल ग़लत तरीका है और गुनाह और अवज्ञा और नाफरमानी और तक्वा से दूरी की निशानियां हैं। अत: ऐसी मज्लिसों से अल्लाह तआला ने मोमिनों को भी होशियार किया है तुम इन से बचो।

किसी ओहदेदार के ख़िलाफ शिकायत है, या अमीर के ख़िलाफ शिकायत है तो केंद्र को शिकायत करें समय के ख़लीफा तक पहंचा दें। इस के बाद फिर जमाअत के लोगों का काम खत्म हो जाता है। अब यह समय के ख़लीफा का काम है कि किस काम को कैसे देखना है और किस प्रकार हल करना है। हां, हर एक को दुआ करते रहना चाहिए, हर अहमदी को दर्द से दुआ करनी चाहिए कि अल्लाह तआला प्रत्येक प्रकार की बुराई को जमाअत में से निकाले और तक्वा पर चलने वाले और काम करने वाले हमेशा जमाअत को मिलते रहें।

अत: इस महत्त्वपूर्ण बात को हर किसी को याद रखना चाहिए। जैसे जैसे ख़ुदा तआला जमाअत को तरक्की देता जाएगा शैतान ने भी अपना काम करना है। शैतान ने तो पहले दिन से ही अल्लाह तआला के सामने इस कथन को व्यक्त किया था और इजाज़त ली थी कि वह मोमिनों को बहकाने का काम करेगा। अहमदियत के विरोधी जहां खुलकर जमाअत के विरोध की स्कीमें बनाते हैं और बनाएंगे वहाँ सहानुभूति के नाम पर सरल लोगों को और कमज़ोर ईमान वालों को भी फित्ना पैदा करने के लिए अपना साधन बनाते हैं और बनाने की कोशिश करते हैं। अत: हर अहमदी को इस सिलसिले में सावधान रहना चाहिए। अल्लाह तआला जमाअत को हर आंतरिक

और बाहरी फित्नों से बचाए। हमेशा और सदैव नेकी और तक्वा की मजलिस में बैठने और इसका हिस्सा बनने की तौफ़ीक़ दे न कि गुनाह और रसूल की अवज्ञा और तक्वा से दूर करने वाली मज्लिसों की।

मजलिस के विभिन्न किस्मों और रूपों के बारे में आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के भी कुछ उपदेश हैं और आप के सच्चे ग़ुलाम हज़रत मसीह मौऊद अलैहि वस्सलाम भी कुछ उपदेश हैं वे भी इस समय प्रस्तुत करता हूँ। इस बात का वर्णन फरमाते हुए कि एक मोमिन की मज्लिस कैसी होनी चाहिए और अगर इस गुणवत्ता की मज्लिस न हो जो एक मोमिन की शान के उचित है तो उस पर क्या प्रतिक्रिया प्रदर्शित करनी चाहिए।? हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहि वस्सलाम फरमाते हैं कि "हमारा धर्म तो यह है और यही मोमिन का तरीका होना चाहिए कि बात करे तो पूरी करे वरना चुप रहे। जब देखो कि किसी मज्लिस में अल्लाह और उस के रसूल पर हंसी ठट्ठा हो रहा है, या तो वहां से चले जाओ ताकि उनमें से न गिने जाओ, या फिर पूरा पूरा खोल कर जवाब दो। दो बातें हैं।"(इसके अलावा कोई नहीं, अगर एक वास्तविक मोमिन है तो) "या उत्तर या चुप रहना" (और उठ कर चले जाना।) फरमाया कि "यह तीसरा तरीका मुनाफकत है कि मज्लिस में बैठे रहना और हां में हां मिलाए जाना। दबी ज़बान से छुप कर अपनी आस्था को प्रकट करना।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 10 पृष्ठ 130 प्रकाशन 1985 ई यू.के)

मज्लिस में बैठे भी रहना और कायरता दिखाते हुए या भय से उन लोगों की हाँ में हाँ मिलाते हुए, फिर दबी ज़बान से कह भी देना कि नहीं तुम यह ग़लत नहीं कह रहे हो, यह बात इस प्रकार नहीं इस तरह होनी चाहिए लेकिन खुल कर बात को व्यक्त न करना। फरमाया कि, यह जो है पाखंड है, यह ईमान नहीं है। अत: यह एक मोमिन की प्रतिक्रिया ऐसी मज्लिस में जहां धर्म पर उपहास हो रहा हो या धर्म के विरुद्ध योजना बनाई जा रही हो या बड़े तरीके से ऐसी चीज़ें हो रही हों जो दिल में शंकाए पैदा करने वाली हों। मोमिन की प्रतिक्रिया यह है कि कोई भी अल्लाह तआला और रसूल या उसकी स्थापित जमाअत की प्रणाली के ख़िलाफ बात सुनो तो सख्ती से अस्वीकार करो और बातें करने वाले को बताओ कि अगर तुम्हारे विचार में ये सब बातें सही हैं समय के ख़लीफा और सिस्टम को बताएं लेकिन इस तरह से बातें करना जायज़ नहीं है ऐसी मज्लिसों में अगर व्यक्ति बैठा रहे और दबी ज़ुबान में अस्वीकार करे और खुलकर न बोले तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि यह पाखंड बन जाता है और इस से एक मोमिन को बचना चाहिए और धर्म के मामले में और निज़ाम के मामले में कभी भी निर्लज्जता नहीं दिखानी चाहिए और ग़ैरत की अभिव्यक्ति दो तरीकों से व्यक्त की गई है, या तो उसे खोल कर उत्तर दो। या उठ कर इस मज्लिस से चले जाओ।

यही तरीका अल्लाह तआला ने सिखाया और इस को स्पष्ट रूप से आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम न फरमाया है अत: एक रिवायत में आता है कि एक सहाबी आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में हाज़िर हुए और निवेदन किया कि हे अल्लाह के रसूल मुझे कुछ उपदेश करें। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया अल्लाह का तक्वा धारण करो और जब तुम किसी कौम की मज्लिस में जाओ और उन्हें अपने मिज़ाज की बातें करते हुए पाओ तो वहां ठहरो। (अर्थात कि नेकी की बातें कर रहे हैं और ग़लत किस्म की बातें नहीं कर रहे कोई फित्ना फसादा की बातें नहीं कर रहे तो वहां ठहरो) और अगर वे एसी बातों में व्यस्त हों जिन्हें तुम पसन्द नहीं करते फितना फसाद की बातें हैं तो इस मज्लिस को छोड़ दिया करो।"

(मुस्नद अहमद बिन हंबल जिल्द 6 पृष्ठ 368 हदीस18927 प्रकाशन अलमुल कुतुब बैरूत 1998ई)

इस बात को भी आप ने स्पष्ट बताया कि कैसी बातें एक मोमिन बन्दा को ना पसन्द होनी चाहिए। यह तो नहीं कि अपनी व्यक्तिगत पसन्द की बातें कर रहें हैं बल्कि एसी नापसन्द बातें जो निज़ाम और जमाअत के बारे में बातें हैं। फरमाया कि एसी मज्लिस को छोड़ दो और इस बारे में जैसा कि मैंने कहा नापसन्द कैसी होना चाहिए। एक रिवायत में आता है कि हज़रत अबदुल्लाह पुत्र अब्बास बयान करते हैं कि एक व्यक्ति ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से पूछा कि हम किन लोगों की मज्लिसों में बैठें।? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि तुम उन लोगों की मज्लिसों में बैठो जिन्हें देखकर तुम्हें अल्लाह तआला याद आए और जिन से बातचीत से तुम्हारा धार्मिक ज्ञान बढ़े और जिनका पालन तुम्हें आख़रित की याद दिलाए।

(कुनज़ुल उम्माल जिल्द 9 पृष्ठ 77 हदीस 25582 प्रकाशन अलमुल कुतुब बैरूत 1998ई)

तो यह हैं वे स्पष्ट दिशानिर्देश जो एक मोमिन को अपनी मज्लिस के चुनाव के समय सामने रखने चाहिए कि उन मज्लिसों को पसंद करो जहां अल्लाह तआला का ज़िक्र हो रहा हो। अल्लाह तआला के धर्म की महानता की बातें हो रही हों जहां धार्मिक ज्ञान में भी वृद्धि हो रही हो। आज कल धार्मिक ज्ञान में वृद्धि प्रत्येक अहमदी के लिए महत्त्वपूर्ण है। तब्लीग़ के लिए दावत इलल्लाह के लिए प्रशिक्षण के लिए ये बातें आवश्यक हैं और यही बातें आख़िरत की भी याद दिलाती हैं। आदमी को इस ओर ध्यान दिलाती हैं कि केवल दुनिया की चमक-दमक ही सब कुछ नहीं है इस दुनिया की दौलतें और सुविधाएं ही सब कुछ नहीं बल्कि अल्लाह तआला की ख़ुशी एक मोमिन के लिए मूल उद्देश्य होना चाहिए।

पहली हदीस का स्पष्टीकरण हो गया है कि अगर केवल दुनियादारों की मज्लिसें हैं तो यह मज्लिसें एक मोमिन को पसन्द नहीं होनी चाहिए। ऐसी मजलिस से तुरंत उठकर आ जाना चाहिए। अगर इस तरफ हमारा ध्यान हो तो हमारे बड़े भी और हमारे युवा भी कई बीमारियों से बच जाएं। कई फ़ितनों से बच जाएं।

नौजवानों की कई मज्लिसें एक दूसरी किस्म की भी हैं। नौजवानों खासकर इसमें involve होते हैं जो fun के नाम पर होती हैं। ग़ुल गपाड़े के लिए होती हैं। युवाओं में और ये बातें पश्चिमी परिवेश के प्रभाव की वजह से कुछ हमारे युवाओं में भी पैदा हो गई हैं कि ऐसी मज्लिसओं में शामिल हो जाना चाहिए। एक मोमिन को हमेशा याद रखना चाहिए कि इस तरह के मज्लिसों से अपना जीवन बचा कर रखें और उन के अन्दर कुछ सीमाएं हैं। जमाअत में भी ऐसी घटनाएं कई बार हो जाती हैं कि बुरी सहबतें और ख़राब मजलिस के पदचिह्न पर हमारे युवा जवानी में कदम रखते ही कुछ ऐसी हरकतें कर जाते हैं जो दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाली होती हैं। पड़ोसियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। या राह चलते राहगीरों को नुकसान पहुंचा दिया या किसी जगह गए तो वैसे ही शरारत से किसी को नुकसान पहुंचा दिया और फिर अगर यह पता लग जाए कि यह जमाअत का व्यक्ति है तो ऐसे लोग जमाअत की भी बदनामी का कारण बन जाते हैं।

अत: माता-पिता को भी अपने बच्चों की मज्लिसों और सुहबतों पर नज़र रखनी चाहिए ताकि हमारे युवा नौजवानी में कदम रखने वाले बच्चे भी बुरी सुहबतों और मज्लिसों से सुरक्षित रहें और ख़ुद भी घरों में ऐसी पवित्र मज्लिसें लगानी चाहिए जो हमेशा प्रशिक्षण के दृष्टिकोण से उत्तम हों।

फिर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक अवसर पर फरमाया कि जब कोई क़ौम मस्जिद में अल्लाह की किताब की तिलावत और आपस में शिक्षण के लिए बैठी हो तो अल्लाह तआला उन पर शान्ति उतारता है और अल्लाह की दया उन्हें ढांप लेती है और फरिशते उन्हें ढांप लेते हैं।

(सहीह मुस्लमि किताबुल ज़िक्र हदीस 6853)

अल्लाह तआला का बड़ा फज़ल है कि जमाअत को ऐसे अवसर उपलब्ध हो जाते हैं और आते रहते हैं दुनिया में हर जगह ही कई जमाअतें जलसों का आयोजन करती हैं इज्तिमा भी आयोजित किए जाते हैं उनमें ऐसे कार्यक्रम होते हैं जो प्रशिक्षण के लिए भी होते हैं, ज्ञान में भी वृद्धि के लिए हो जाते हैं। अल्लाह तआला की याद और ज़िक्र के लिए होते हैं।

आज यहाँ जैसे लजना इमाउल्लाह का इज्तिमा शुरू हो रहा है। लजना को भी याद रखना चाहिए कि उनके कार्यक्रमों का अधिक हिस्सा धार्मिक और ज्ञान वर्धक होना चाहिए और शामिल होने वाली महिलाएं भी याद रखें कि वह किसी मेले में शामिल होने के लिए नहीं आईं। अपने इज्तिमा में आने का उद्देश्य उन्हें पूरा करना चाहिए और स्थायी धार्मिक और ज्ञान वर्धक मज्लिसें लागएं और नियमित कार्यक्रम नहीं हो रहा तब भी अपनी मज्लिसों में बजाय इधर उधर की बातें करने और व्यर्थ बातचीत करने के रचनात्मक चर्चा और व्यर्थ बातों से हमेशा बचें और अपना समय नष्ट होने से बचाऐं।

आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक अवसर पर फरमाया कि जो लोग किसी मज्लिस में बैठते हैं और वहाँ ज़िक्रे इलाही नहीं करते। वे अपनी मज्लिस को क़यामत के दिन हसरत से देखेंगे।

(मुस्नद अहमद बिन हंबल भाग 2 पृष्ठ 724 हदीस 7093)

अत: इज्तिमा पर आने वालों को याद रखना चाहिए कि अपने आने के उद्देश्य को पूरा करें और अपना समय हंसी ठट्ठे और व्यर्थ बातचीत में बिताने के बजाय अधिक समय ज़िक्रे इलाही और नेकी की बातें करने और सुनने में गुज़ारें ताकि हमारी मज्लिसें क़यामत के दिन कभी हसरत से देखी जाने वाली मज्लिसें न हों।

तक्वा पर चलने और तक्वा पर चलने वालों की सोहबत में समय बिताने के बारे में आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें क्या नसीहत फरमाई।? एक रिवायत में आता है आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि तुम मोमिन के सिवा किसी और के साथ न बैठो और मुत्तकी के सिवा कोई तुम्हारा भोजन न खाए।

(सुनन अबी दाऊद किताबुल अदब हदीस 4832)

मनुष्यों का दुनिया में विभिन्न अलग-अलग लोगों के संपर्क रहता हैं। ग़ैर-मुसलमानों के साथ भी उठना बैठना होता है, ऐसा नहीं हो सकता कि वह व्यक्ति ग़ैर-मोमिन के साथ उठे बैठे ही न। आपके उपदेश का मतलब है कि आपकी गहरी दोस्ती अधिक उठना बैठना, तुम्हारा अधिक समय गुज़ारना, तुम्हारी मज्लिसें अधिकतर उन लोगों के साथ हों जो ईमान में जो ईमान में दृढ़ हों और धैर्य पर चलने वाले हों ताकि तुम भी भलाई और धैर्य के साथ आगे बढ़ो।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं ने फरमाया "नफ्स के सुधार का एक तरीका अल्लाह तआला ने यह वर्णन की है,कि كُوْنُوْا مَعَ الصّٰدِقِيْنَ (अत्तौब: 119)अर्थात जो लोग कथनी और करनी में सच्चाई पर स्थापित हैं, उनके साथ रहो। (यानी उनकी बातें भी सच्चाई पर आधारित हों। उनके कार्य भी सच्चाई पर आधारित हों और उन की हर स्थिति से सच्चाई प्रकट होती है अर्थात नेक लोग हों।) फरमाया कि इस से يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ हे ईमान वालो! तक्वा धारण करो। इस से अभिप्राय यह है कि पहले ईमान हो फिर सुन्नत के रूप में बुराई को छोड़ दो और सच्चों की संगत धारण करो। संगत का बहुत प्रभाव होता है जो अन्दर ही अन्दर होता चला जाता है।" फरमाया कि "अगर कोई हर रोज़ वैश्याओं के यहां जाता है और फिर कहता है क्या में ज़ना (व्यभिचार) करता हूं? (मैं व्यभिचार करने तो नहीं जाता) उस से कहना चाहिए हां तू करेगा और वह एक न एक दिन इसमें पीड़ित हो जाएगा क्योंकि बुरी संगत के बुरे असर होते है क्योंकि सोहबत में प्रभाव होता है उसी तरह से जो व्यक्ति शराब ख़ाना में जाता है चाहे वह कितना ही परहेज़ करे और कहे कि मैं नहीं पीता लेकिन एक दिन वह निश्चित रूप से इसे पीएगा।

(मल्फूज़ात जिल्द 6 पृष्ठ 247 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

इसलिए हमेशा बुरी संगति से बचने की आवश्यकता है। आम सांसारिक व्यवसायों में संबंध तो होता है जैसा कि मैंने कहा ग़ैरों के साथ संबंध है, लेकिन उनके संबंध में सीमाएं होनी चाहिए। यह नहीं कि उनकी व्यर्थ मज्लिसो में भी इंसान जाना शुरू कर दे। कई बुराइयां इन व्यर्थ मज्लिसों में शामिल होने से होती हैं बल्कि यहां के लोग ख़ुद इस बात का वर्णन करते हैं। हमारी कुछ औरतों से अंग्रेज़ औरतों ने वर्णन किया है कि हमारे पति अच्छे भले सज्जन हैं, लेकिन कुछ दोस्तों के कारण इन में बुराइयां पैदा हो गई हैं और व्यर्थ मज्लिसों में और गंदी मज्लिसों में जाना शुरू हो गए। तो जो लोग ग़ैर-मुस्लिम हैं, वे महसूस कर रहे हैं, इसलिए हमें बहुत ज्यादा चिंता करनी चाहिए। इस चीज़ को रोकने के आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया, "तुम्हारा धर्म से दूर लोगों के साथ उठना बैठना, खाना पीना तुम्हें धर्म से दूर कर देगा ।" हाँ तब्लीग़ के लिए अच्छी बातों को पहुंचाने के लिए संबंध ज़रूर स्थापित करना चाहिए इसके बिना तब्लीग़ नहीं हो सकती लेकिन इसके लिए उन्हें अपनी मज्लिसों में लाना चाहिए क्योंकि यह अच्छाई की मज्लिसें हैं फिर अपना प्रभाव छोड़ती हैं और हमारे मज्लिसों में फंगशनज़ में शामिल होने वाले कई लोग हैं जो इस बात को प्रकट करते हैं कि यहां आकर हमारी स्थिति और गुणवत्ता में बदलाव आ जाता है।

सोहबत के प्रभाव का वर्णन करते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक स्थान पर फरमाया "कि जब तक इंसान एक सच्चे और सादिक के पास बैठता है तो सच्चाई इस में काम करती है लेकिन सच्चों की संगति को छोड़ कर बुरों और दुष्टों की संगति को अपनाता है तो उनमें बुराई प्रभाव करती है।" फरमाया कि "इसीलिए हदीसों और कुरआन शरीफ में बुरी सुहबत से परहेज़ करने की ताकीद और नसीहत पाई जाती है और लिखा है कि जहां अल्लाह और उसके रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का अपमान होता हो इस मज्लिस से तुरन्त उठो अन्यथा जो अपमान सुन कर भी नहीं उठता उस की गिनती उन में से होगी।"

फिर आप फरमाते हैं कि हैं कि "सच्चों और नेकों के निकट रहने वाला भी उन में शामिल होता है, इस लिए कितना आवश्यक है कि इंसान "कूनू मा अस्सादेकीन" के आदेश पर अनुकरण करे।" फरमाया कि "हदीस शरीफ में आया है कि अल्लाह तआला फरिशतों को दुनिया में भेजता है वह पवित्र लोगों की मज्लिसों में आते हैं और जब वापस जाते हैं तो अल्लाह तआला उनसे पूछता है कि तुम ने क्या देखा? वे कहते हैं कि हम ने एक मज्लिस देखी जिस में तेरा ज़िक्र कर रहे थे लेकिन एक व्यक्ति उनमें नहीं था उन ज़िक्र करने वालों में से नहीं था लेकिन वहाँ बैठा हुआ था तो अल्लाह तआला फरमाता है कि नहीं वह भी उनमें से ही है क्योंकि ..... इस से यह स्पष्ट रूप से पता चलता है कि नेक लोगों के सोहबत से कितने लाभ हैं। बहुत हतभागा है वह व्यक्ति जो सोहबत से दूर है।

(मलुफूज़ात भाग 6 पृष्ठ 249 प्रकाशन 249 1985 ई)

अत: मोमिनों की सोहबत और मज्लिस में बैठने वाले अल्लाह तआला के फज़ल के प्राप्त करने वाले बन जाते हैं और ये वही मज्लिसें हैं जो ज़िक्रे इलाही से भरी मज्लिसें होती हैं।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि "बहुत हैं जो कि ज़बान से तो अल्लाह तआला को स्वीकार करते हैं लेकिन अगर टटोल कर देखा तो पता होगा कि उनके अंदर नास्तिकता है क्योंकि दुनिया के कामों में जब व्यस्त होते हैं तो ख़ुदा तआला के क्रोध और उसकी महानता को बिल्कुल भूल जाते हैं। इसलिए यह बात बहुत महत्वपूर्ण है कि तुम लोग दुआ के माध्यम से अल्लाह तआला से अनुभूति प्राप्त करो। इस के बिना पूर्ण विश्वास प्राप्त नहीं हो सकता और वह उस समय प्राप्त होगा जब यह ज्ञान हो कि अल्लाह तआला से संबंध विच्छेद करने में एक मौत है।" फरमाया कि "गुनाह से बचने के लिए जहां दुआ करो वहाँ साथ ही उपाय के सिलसिले को हाथ से न छोड़ो और सभी महफ़िलें और मज्लिसें जिनमें शामिल होने से गुनाह की तहरीक होती है उन्हें छोड़ दो और साथ ही दुआ भी करते रहो और ख़ूब जान लो कि इन आपदाओं से जो कज़ा तथा कदर की तरफ से इंसान के साथ पैदा होती हैं जब तक ख़ुदा तआला की मदद साथ न हो कभी मुक्ति नहीं होती।" फरमाया "नमाज़ जो कि पांच बार अदा की जाती है इस में भी यही इशारा है कि अगर वह नफ्सानी भावनाओं और विचारों से उसे नहीं बचाएगा तब तक वह सच्ची नमाज़ हरिगज़ नहीं होगी। नमाज़ का अर्थ टकरें मारने और रस्म और आदत के तौर पर अदा करने के हरगिज़ नहीं। नमाज़ वह चीज़ है जिसे दिल में अनुभव कर के रूह पिघल कर भयानक अवस्था में अल्लाह तआला के दरबार में गिर पड़े।" फरमाया "जहां तक शक्ति है वहाँ तक अपने दिल में नर्मी पैदा करने की कोशिश करे और विनय से मांगे कि दुस्साहस और गुनाह जो अंदर रूह में हैं वे दूर हों इसी प्रकार की नमाज़ बरकत वाली होती है। अगर वह उस पर दृढ़ता अपनाएगा तो देखेगा कि रात या दिन एक नूर उसके दिल पर गिरा है और नफ़्स अम्मारह की धृष्टता कम हो गई है। जैसे अजगर में एक कातिल ज़हर है उसी तरह नफ्स अम्मारह में कातिल ज़हर है और जिसने इसे बनाया उसी के पास इसका इलाज है।

(मल्फूज़ात भाग7 पृष्ठ 123 प्रकाशन 1985 ई यू.के)

यानी ख़ुदा तआला के पास ही बुराई को दूर करने का उपाय है इसलिए इसके आगे झुको इससे मदद मांगो कि दुनिया और उसके बुरे प्रभावों और बुरी मज्लिसों से और उनके प्रभावों से हमेशा सुरक्षित रखे।

एक रिवायत में आता है कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की दिनचर्या थी कि मजलिस बर्खास्त करते समय उठते हुए आप यह दुआ करते थे कि हे अल्लाह तू पवित्र है और तेरी प्रशंसा की मैं गवाही देता हूँ कि तेरे सिवा कोई माबूद नहीं। मैं तुझ से माफी मांगता हूं और मैं तेरी ओर मुड़ता हूं।

(सुनन अबी दाऊद हदीस 4859)

फिर एक अवसर पर आपने फरमाया कि कुछ शब्द ऐसे हैं जिसने भी इन्हें अपनी मज्लिस से उठते हुए तीन बार पढ़ा तो अल्लाह इनके कारण उसके गुनाह जो उसने वहां किए होंगे उन्हें ढक देगा और जिसने यह शब्द किसी भलाई की मज्लिस और ज़िक्रे इलाही की मज्लिस में पढ़े तो उनके साथ उस पर मुहर कर दी जाएगी और वह शब्द हैं यह कि سُبْحَانَكَ اللّٰهُمَّ وَبِحَمْدِكَ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ اَسْتَغْفِرُكَ وَاَتُوْبُ اِلَيْكَ कि हे अल्लाह तू अपनी तारीफ के साथ पवित्र है तेरे सिवा कोई माबूद नहीं मैं तुझ से माफी को मांगता हूँ और तेरी ओर ही लौटता हूँ। (सुनन अबी दाऊद हदीस 4857)

अत: मुझ में से जो कुछ बातें अप्रिय हो जाती हैं उनके बुरे असर से भी सुरक्षित रख। और फिर यह दुआ अप्रिय बातों के असर से सुरक्षित रखती है और इंसान को नेक मज्लिस के असर से अधिक से अधिक लाभ उठाने का कारण बनती है।

जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फरमाया कि तब तक ख़ुदा तआला की मदद साथ न हो हरगिज़ रिहाई नहीं होती। इस लिए प्रत्येक समय अल्लाह तआला की मदद मांगते रहना चाहिए। अल्लाह तआला हमें तौफीक दे कि हम हमेशा बुरी मज्लिस से बचने वाले हों और कभी अनजाने में शामिल हो जाएं तो उस के बुरे प्रभाव से बचने वाले हो जाएं। हमेशा पवित्र मज्लिसों की तलाश में रहें और उन में बैठने वाले हों और उन पवित्र मज्लिसों के पाकीज़गी और अल्लाह तआला के फज़ल से फैज़ पाने वाले हों। अल्लाह तआला हमें हमेशा शैतान के हमले से बचाए और रहम और माफी का सुलूक फरमाए और हमें हमेशा जमाअत के निज़ाम और ख़िलाफत से जोड़े रखे और फित्ना फैलाने वाले के फित्ना की बुराई

से हमें महफूज़ रखे।

नमाज़ के बाद मैं एक नमाज़े जनाज़ा भी पढ़ाऊंगा जो हमारे अफ्रीकन अहमदी भाई आदरणीय बिलाल अब्दुस्सलाम साहिब का है जो फ्लैडलफिया अमरीका में रहते थे। 13 सितंबर को उनकी वफात हो गई। इन्ना लिल्लाह वा इन्ना इलैहि राजेऊन। यह इस वर्ष जलसा सालाना यू.के में भी आए थे और पहले दिन जब पैन अफ्रीकन एसोसिएशन का कार्यक्रम जारी था अचानक उन्हें फालिज(पक्षघात) का हमला हुआ। उन की तबीयत खराब हुई तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ दिन इलाज होता रहा और तबीयत अच्छी हो गई। मुझे मिलने भी आए। इस के बाद मैं दो बार मिला हूं। ज़ाहिर में ठीक लग रहे थे इस के बाद वापस अमरीका चले गए।

आप 1 9 34 ई में फ्लोरिडा में पैदा हुए। छह साल की उम्र में उनके माता-पिता की मृत्यु हो गई। आठ साल की उम्र में वह बोर्डिंग गए। जहां बाइबल के तालीम हासिल की फिर दूसरी नौकरियां कीं और कुछ समय के लिए सेना में शामिल हो गया। 1 9 57 ई में मिनस्टर आफ गास्पल बन गए। लेकिन उन्हें ईसाई धर्म की कुछ मान्यताओं से मतभेद रहा। 1 9 60 ई में उन की एक सुन्नी मुस्लिम से मुलाकात हुई जिसने उन्हें जमाअत का प्रकाशित कुरआन करीम दिया। आपने उस व्यक्ति से पूछा कि ये लोग कौन हैं जिन का यह कुरआन करीम है उस ने कहा कि यह मुसलमान तो नहीं हैं मगर इनकी किताबें अच्छी हैं। तो आप ने उस आदमी से पता मालूम कर के एक अहमदी का पता किया उनकी दुकान पर पहुंचे वहाँ हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की तस्वीर देखी और पूछने पर बताया गया कि यह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और मसीह मौऊद और इमाम महदी हैं। बहरहाल इसके बाद आपने अहमदियत को स्वीकार किया और फिर अहमदियों के साथ मिल कर फ्लेडल्फ़िया में तब्लीग़ का काम करते रहे।

बिलाल अब्दुस सलाम साहिब को कुरआन सीखने का भी बड़ा शौक था। वह चार घंटे की दूरी तय करके हर दूसरे इतवार को पिट्सबर्ग आया करते थे ताकि कुछ सीख सकें और इसी तरह आप सदर जमाअत Fledalfia और राष्ट्रीय कार्यकारिणी वक्फे नौ और तरबियत नौ मुबाईन के सैक्रेटरी भी रहे। आप ज़िन्दगी वक्फ कर के कुछ समय बाल्टी मूर में जमाअत के आरज़ी मुबल्लिग़ के रूप में काम भी करते रहे। और इस के बाद भी उन्होंने तब्लीग़ का सिलसिला जारी रखा। ख़िलाफत से बहुत अधिक मुहब्बत करने वाले थे जमाअत के निज़ाम के पाबन्द और उच्च स्तर की पाबन्दी करने वाले थे। हमेशा ख़लीफाओं के वर्णन पर रोने लग जाया करते थे। 1975 ई में उन को जलसा सालाना कादियान में भी शामिल होने की तौफीक़ मिली थी। Fledalfia में मस्जिद निर्माण हो रहा है उसके लिए आप की बड़ी इच्छा भी थी और कोशिश भी करते रहे और निर्माण के दौरान दैनिक पूरा दिन वहाँ केबिन में बिताते और दुआ करते थे और हमेशा इस कोशिश में होते थे कि मस्जिद जल्दी से जल्दी निर्माण हो जानी चाहिए। उम्मीद है कि इन्शा अल्लाह जल्द बन जाएगी। उनकी पत्नी श्रीमती ओस्टस्टन यह पादरी हैं। वह अहमदी नहीं थी लेकिन उन्होंने हमेशा उन्हें अच्छी तरह से व्यवहार किया। आप के दो बेटे और दो बेटियां हैं। एक बेटा उम्र अब्दुस सलाम साहिब ने 1993 में बैअत की थी और जमाअत में प्रवेश किया यह अहमदी हैं बाकी नहीं।

